
# प्राइमरी में उर्दू के 3,500 और शिक्षकों की होगी भर्ती



**बेसिक शिक्षा विभाग सृजित कराएगा पद मुख्य सचिव की बैठक में बनी सहमति**

मोअल्लिम वाले पात्र होंगे। बताया जा रहा है कि सपा सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में इन भर्तियों के जरिये अभी से मुस्लिम वोटर कार्ड खेलने की तैयारी में है। अखिलेश सरकार के सत्ता में आने के बाद वर्ष 2013 में प्राइमरी स्कूलों में 4,280 उर्दू शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए तीन चरणों की काउंसलिंग कराई जा चुकी है, जिसमें 2,341 पदों पर भर्तियां हो चुकी हैं और 1,939 पद अभी भी खाली हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक बुलाई गई थी। इसमें सचिव बेसिक शिक्षा एचएल गुप्ता, मोअल्लिम-ए-उर्दू वेल्फेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संरक्षक आफताब आलम के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उर्दू शिक्षक के रिक्त 1,939 पदों को जल्द भरने के साथ 3,500 और पद सृजन करने पर सहमति बनी। मुख्य सचिव ने कहा है कि प्राइमरी स्कूलों में उर्दू के सहायक अध्यापकों के पदों के सृजन की प्रक्रिया जल्द शुरू करा दी जाए। इसके आधार पर सचिव बेसिक शिक्षा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बेसिक शिक्षा निदेशालय से जल्द ही इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त करते हुए वित्त विभाग को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।